लोक सभा अध्यक्ष ने लोक सभा में दलों के नेताओं के साथ बैठक की।

श्री बिरला ने राष्ट्रपति के भाषण की गरिमा का सम्मान करने का अनुरोध किया।

सभी सदस्यों को अपने विचार प्रस्तुत करने का अवसर दिया जायेगा: लोक सभा अध्यक्ष

नई दिल्ली, 29 जनवरी 2021: बजट सत्र के पहले दिन लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने आज लोक सभा में दलों के नेताओं के साथ बैठक की।

बाद में मीडिया कर्मियों से बात करते हुए, श्री बिरला ने कहा कि उन्होंने लोक सभा में सभी दलों के नेताओं से आग्रह किया है कि सदन की गरिमा का सम्मान किया जाये और सदन की कार्यवाही के सुचारु सञ्चालन के लिए उनका सहयोग माँगा है।

श्री बिरला ने जोर देकर कहा कि राष्ट्रपति के भाषण की गरिमा का उचित सम्मान होना चाहिए।

श्री बिरला ने आगे कहा कि माननीय सदस्य लोगों की आशाओं और आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करते हैं और सदन उनकी भावनाओं को व्यक्त करने का आदर्श स्थान है। उन्होंने आश्वासन दिया कि सभी सदस्यों को बजट सहित अन्य सभी मुद्दों पर सदन के नियमों के अंतर्गत अवसर दिया जायेगा।